an>

Title: Need to open a medical college in Karauli district in Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र करौली में चिकित्सा सेवा की ओर आकर्Âिात करना चाहता हूं। करौली जिले के पहाड़ी और डांग क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अस्पतालों और चिकित्सा कर्मियों की कमी के कारण समय पर आधुनिक चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पाता है। खनन और कृÂिा क्षेत्र अधिक होने के कारण यहां मजदूरों और श्रमिकों की संख्या अधिक है, जो कि पत्थर और धूल से होने वाली सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित रहते हैं और समय पर उपयुक्त इलाज नहीं मिलने से उनकी मौत हो जाती है। इसके अलावा करौली जिले के मरीजों को सामान्य बीमारी का उपचार और जांच कराने के लिए भी करीब दो सौ किलोमीटर की दूरी तय करके जयपुर जाना पड़ता है।

मेरी सरकार से मांग है कि यदि करौली जिले में एक मैडिकल कालेज खोल दिया जाए तो न सिर्फ करौली बल्कि पूर्वी राजस्थान के जिलों करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, भरतपुर में रहने वाले लोगों को बेहतर और समय पर चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भी पूर्वी राजस्थान के मरीजों का भार कम हो जायेगा, जिससे दूसरे मरीजों का समय पर उपचार हो सकेगा। साथ ही राजस्थान के पिछड़े इलाके करौली में मैडिकल कालेज खुलने से करौली और आसपास के जिलों में रहने वाले मैडिकल वर्ग के छात्रों को मैडिकल सेवा की पढ़ाई करने में सुविधा होगी।

मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र करौली में एक मैडिकल कालेज खोलने की कृपा करें।